राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

क्रमांक / 3351 / परीक्षा / रा.मा.तो.वि.वि / 2026 / ग्वालियर, दिनांक 19 / 03 / 2026

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
सम्बद्धता प्राप्त संगीत एवं कला महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

विषय :—वार्षिक परीक्षा अप्रैल सत्र—2025—26 हेतु प्रवेशिका अंतिम से मध्यमा अंतिम (गायन, वादन, नृत्य) स्तर, संगीतिका जूनियर (गायन, कथक) जूनियर डिप्लोमा, जूनियर सर्टिफिकेट (चित्रकला, नाट्य एवं रंगमंच) स्तर तक आयोजित होने वाली परीक्षाओं के प्रश्न—पत्र (Booklet Form) में मुद्रित कराये जाने संबंधी सूचना।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, विश्वविद्यालय द्वारा आगामी आयोजित वार्षिक परीक्षा अप्रैल सत्र—2025—26 अंतर्गत प्रवेशिका अंतिम से मध्यमा प्रथम एवं मध्यमा अंतिम (गायन, वादन, नृत्य) स्तर, संगीतिका जूनियर (गायन, कथक) जूनियर डिप्लोमा, जूनियर सर्टिफिकेट (चित्रकला, नाट्य एवं रंगमंच) स्तर तक आयोजित होने वाली परीक्षाओं के प्रश्न—पत्र इस वर्ष बुकलेट फॉर्म (Booklet Form) अर्थात् 04 (चार) वैकल्पिक प्रश्न—पत्र आधारित मुद्रित कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षाओं के प्रश्न—पत्रों का मुद्रण बुकलेट फॉर्म (Booklet Form) स्वरूप में कराया जा रहा है जिससे प्रश्न—पत्रों की संरचना अधिक सुव्यवस्थित, स्पष्ट एवं मानकीकृत रूप में उपलबध कराई जा सके ताकि परीक्षा संचालन की प्रक्रिया को अधिक सुचारु एवं सुगम बनाया जा सके।

अतः समस्त सम्बद्धता प्राप्त संगीत एवं कला महाविद्यालयों को उपरोक्त व्यवस्था के संबंध में परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व सूचनार्थ अवगत कराया जाता है कि, आप अपने महाविद्यालयों में अध्ययनरत् समस्त छात्र—छात्राओं को उक्त के संबंध में अवगत कराने का कष्ट करें।

19/3/26

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः—

1. मान. कुलपति सचिवालय, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव कार्यालय, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
3. वित्त नियंत्रक, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
4. गार्ड फाइल।

"Swarang Parisar", Needam Road, Naka Chandravadani Chouraha, Gwalior (M.P.) - 474002
Email:- exam.rmtmusic@gmail.com